# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

29/01/20

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Dainik bhaskar, Lohardaga (JKD)**

**शांति की पहल** • 23 जनवरी को रैली पर पथराव और आगजनी की घटना के बाद से निरंतर छापेमारी अभियान में जुटी है पुलिस

# लोहरदगा: कर्फ्यू में मिली 2 घंटे की ढील, लोगों ने खरीदे खाने-पीने के सामान, शांति बहाली में जुटे हैं आला अधिकारी

भास्कर न्यूज | लोहरदगा

जिले में 23 जनवरी को सीएए के समर्थन में निकले शांति मार्च में पथराव के बाद बिगड़े हालात में सामान्य स्थिति बहाल करने को निरंतर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी जुटे हैं। सोमवार को घटना के चौथे दिन भी पूरे जिले में लागू कर्फ्यू के बीच आवश्यक सामग्री की खरीद के लिए 10 बजे से 12 बजे तक दो घंटे की ढील दी गई। इस दौरान लोग आवश्यक वस्तु, दवाई, राशन, दूध, सब्जी आदि की नजदीकी दुकानों से खरीदारी की। इस क्रम में दो घंटे की ढील के बीच खासकर सब्जी, दवा व किराना दुकानों में लोगों की भीड़ हो गई। दी गई ढील की समय सीमा समाप्त होने के साथ ही वापस कर्फ्यू लागू कर दिया गया। जिसे लेकर उपायुक्त आकांक्षा रंजन सहित अन्य अधिकारियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में फ्लैग मार्च करते हुए बाहर निकले लोगों को वापस अपने अपने घरों को भेजा। इसके साथ ही सड़कों पर दोबारा सन्नाटा पसर गया।

इस बीच आईजी नवीन कुमार सिंह व साकेत कुमार सिंह खुद कैंप करते हुए शांति व्यवस्था बहाल करने व उपद्रवियों पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया में जुटे हैं। लगातार उपद्रवियों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में कई को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की जाने की बात कही गई है। आईजी अभियान, रेंज डीआईजी, पांच एसपी रैंक के अधिकारी व 15 डीएसपी रैंक के अधिकारी लगातार कैंप कर रहे हैं। फिलहाल जिले में शांति व्यवस्था कायम है। इस ओर गली-मुहल्लों तक बोकारो, हजारीबाग, रांची, लातेहार, गुमला सहित अन्य जिलों से पहुंचे जैप, रैफ, जगुआर, सीआरपीएफ व झारखंड पुलिस के जवानों द्वारा लगातार फ्लैग मार्च कर एक-एक लोगों पर नजर रखी जा रही है।

## सीएए की आग..... चौथे दिन भी सड़कों पर सन्नाटा, अब भी कर्फ्यू है जारी, चौक-चौराहों, गली-मोहल्लों में सुरक्षा कड़ी

लोगों को दिया जा रहा सुरक्षा का भरोसा



फ्लैग मार्च में शामिल रैफ के उप कमांडेंट, एसडीपीओ व अन्य अधिकारी व जवान।

कर्फ्यू में ढील के दौरान सुरक्षा चुस्त



महावीर चौक पर जरूरी सामान की खरीदारी के लिए उमड़े लोग।

लोगों ने की बेखौफ खरीदारी



सब्जी क्रय करते लोग।

### ड्रोन से रखी जा रही है शहर की गतिविधियों पर नजर

बिगड़े हालात को सामान्य बनाने में अधिकारियों व जवानों की टीम जुटी है। इस क्रम में ड्रोन से शहर के विभिन्न गलियों व मुहल्लों पर नजर रखी जा रही है। अलग -अलग क्षेत्रों में मजिस्ट्रेट की निगरानी में ड्रोन का संचालन किया जा रहा है।

### ऑनलाइन आर्डर के सामान फंसे

जिले में घटना से पूर्व आर्डर की गई ऑनलाइन सामग्री जगह-जगह पर अबतक फंसी है। इस क्रम में ऑनलाइन संचालकों ने बताया कि कई लोगों द्वारा अलग अलग सामान अमेजोन, फिलिप-कार्ट सहित अन्य एप व साइट के माध्यम से किए गए आर्डर की सामग्री स्टोर में पड़े रह गए हैं। जिले की बिगड़ी स्थिति के बाद ऑनलाइन सामग्री का कार्य ठप हो गया है।

फ्लैग मार्च करतीं उपायुक्त आकांक्षा रंजन



### मेडिकल स्टोरों पर अधिक भीड़ होने पर लगवाई गई लाइन

दो घंटे की ढील के बीच सबसे अधिक भीड़ दवा दुकानों पर उमड़ गई। इसके बाद संबंधित मेडिकल स्टोरों में लोगों को लाईन से दवा दी गई। शहर के सुभाष चौक स्थित गोपाल मेडिकल में दवा क्रय के लिए सबसे अधिक भीड़ जुटी। इसके बाद सभी को सड़क के किनारे लाइन लगाने के बाद दवा दी गई। ज्ञात हो कि पूर्व में आईजी ने दवा दुकानों को खुले रखने का निर्देश दिया है।

### घायल नीरज की मौत, शांति मार्च में पथराव के बाद झड़प में घर जाने के दौरान लगी थी चोट

लोहरदगा 23 जनवरी को विहिप के सीएए के समर्थन में निकले शांति मार्च में पथराव के बाद हुई झड़प में घायल हुए रघुनंदन लेन निवासी नीरज प्रजापति (36) की मौत सोमवार को रांची में इलाज के दौरान सोमवार को हो गई। उसे सर में गंभीर चोटें आई थीं। रांची के आर्किड अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। हालत बिगड़ती देख उन्हें दो दिन पूर्व शाम रिम्स के ट्रॉमा सेंटर में शिफ्ट किया गया था। नीरज कोमा में चले गए थे। परिजनों ने बताया कि नीरज को पथराव के बाद हुई झड़प के दौरान दुकान बंद कर घर जाने के क्रम में उन्हें चोटें आई थी। लगभग 10 वर्ष पूर्व नीरज का विवाह दिव्या देवी से हुआ था। उसके दो बच्चे भी हैं। इसमें बड़ी बेटी जिया कुमारी (9) और छोटा बेटा लगभग 3 वर्ष का है। नीरज के पिता रूपू राम प्रजापति सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। नीरज 3 भाई बहनों में सबसे छोटा था। परिजनों ने बताया कि नीरज शहर के वीर शिवाजी चौक स्थित कला घर नामक दुकान चलाता था। इसमें पेंटिंग, फ्रेमिंग और मूर्ति बनाने का कार्य करता था। फिलहाल घटना में बाद से सभी परिजन रांची में उसकी सेवा में लगे थे। देर शाम तक शव आवासीय परिसर नहीं पहुंचा था। इधर नीरज के निधन की सूचना पर आस-पास के लोग शोक में डूबे रहे। वहीं घटना की जानकारी पर पुलिस प्रशासन भी अलर्ट रहा।

Prabhat khabar, Lohardaga (JKD)




इलाके के हर मुहल्ले में पुलिस गश्त तेज.

# लोहरदगा : छठे दिन कर्फ्यू में ढील नहीं, शांति की अपील

प्रतिनिधि ▷ लोहरदगा

- लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील
- 23 की शाम से जारी है कर्फ्यू, हर मुहल्ले में पुलिस गश्त तेज

**लोहरदगा** में छठे दिन भी कर्फ्यू जारी रहा. मंगलवार को सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा. सीएए व एनआरसी के समर्थन में निकाली गयी रैली पर पथराव व हिंसा के बाद 23 जनवरी की शाम चार बजे से कर्फ्यू जारी है. सिर्फ 26 जनवरी को आधे घंटे और 27 जनवरी को दो घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी गयी. पुलिस प्रशासन द्वारा मंगलवार को हर संभावित इलाके में पेट्रोलिंग की गयी. प्रशासन द्वारा लाउडस्पीकर के माध्यम से शांति बनाये रखने की अपील की गयी. किसी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देने को कहा गया. समाचार लिखे जाने तक जिले में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है.

Hindustan, Lohardaga (JKD)

# भड़काऊ पोस्ट डालने वाले दो गिरफ्तार

लोहरदगा | संवाददाता

कर्फ्यूग्रस्त लोहरदगा में 28 जनवरी को सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। जोनल आईजी नवीन कुमार सिंह ने मीडिया को जारी बयान में बताया कि ग्रुप के एडमिन पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद 28 जनवरी के शाम से पोस्ट करने वाले लोगों और एडमिन के द्वारा पोस्ट हटाने की होड़ लग गई। ग्रुप के अलावा व्हाट्सएप, ट्विटर, मैसेंजर, टेलीग्राम, फेसबुक, इंस्टाग्राम से पोस्ट धड़ाधड़ डिलीट किए जाने लगे है। भड़काऊ पोस्ट डालनेवालों पर पुलिस की कार्रवाई का भय साफ नजर आने लगा है।

इधर, पूरे दिन सी 106 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स जमशेदपुर के जवानों द्वारा उप कमांडेंट राकेश कुमार की अगुवाई में लोहरदगा थाना क्षेत्र में 28 जनवरी फ्लैग मार्च किया गया। यह मार्च शहर के सभी प्रमुख इलाकों से गुजरा। इस दौरान प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च में डीसी आकांक्षा रंजन,एसपी प्रियदर्शी आलोक, जैप कमांडेंट सरिता वीणापानी, डीएसपी चंद्रशेखर, द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार और सहायक अमरकांत कुमार समेत बड़ी संख्या में रैपिड एक्शन फोर्स के महिला-पुरुष- जवानों ने पैदल मार्च किया। मार्च लोहरदगा थाना से शुरू होकर कुरैशी मुहल्ला, अमला टोली, अंजुमन मुहल्ला, सिनेमा सिनेमा, पावरगंज सुभाष चौक, बरवाटोली चौक, थाना चौक मस्जिद, अजय उद्यान, इस्लाम नगर, कुम्हा टोली, नगर,पतराटोली, ब्राह्मणडीहा,कुटमू, तेतीनगर होते हुए शहर के सभी प्रमुख मार्गो-गलियों से गुजरा। रैपिड एक्शन फोर्स और अन्य बलों के द्वारा किए लगातार किये जा रहे। फ्लैग मार्च से शहर के सभी इलाकों में शांति व्यवस्था कायम हुई है। नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास कायम हुआ है। अराजक तत्वों में भय का माहौल है। इस कारण शहर में नागरिकों का जनजीवन सामान्य हुआ है।

फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने लोगों से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने की अपील की। पुलिस और प्रशासन ने सभी से अपील से की है कि किसी के बहकावे या अफवाहों में नहीं आवें।



मंगलवार को लोहरदगा बड़ी मस्जिद के पास तैनात रैपिड एक्शन फोर्स की महिला टुकड़ी। • हिन्दुस्तान

## सोशल मीडिया पर पुलिस रख रही पैनी नजर

लोहरदगा | संवाददाता

लोहरदगा में कर्फ्यू के छठे दिन स्थिति शांतिपूर्ण रही। 28 जनवरी को कर्फ्यू में कोई ढील नहीं दी गई। पुलिस शांति व्यवस्था बहाल करने के लिए पूरा एहतियात बरत रही है।

30 जनवरी की हिंसा में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छापेमारी विभिन्न जगहों पर हुई। आईजी नवीन कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर तमाम कार्रवाई हो रही है। आईजी श्री सिंह ने बताया कि आज पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अब तक कुल 21 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाले भड़काऊ पोस्ट करने के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी हुई है। आईजी ने कहा कि सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जा रही है।

इसमें आपत्तिजनक और भड़काऊ पोस्ट करने वाले और एडमिन के खिलाफ साइबर क्राइम सहित अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई होगी। जिनके पोस्ट आपत्तिजनक पाए गए हैं उन्हें चेतावनी दी गई है और उन्होंने अपनी पोस्ट हटा लिए हैं। आगे अगर किसी ने ऐसी कार्रवाई की तो कानून अपना काम करेगा। जिले के बाहर के लोगों की गिरफ्तारी के संबंध में आईजी ने स्पष्ट किया कि अभी तक जितनी भी गिरफ्तारियां हुई हैं सभी लोहरदगा में ही हुई हैं।

आगे कर्फ्यू में ढील देने के संबंध में बताया कि देर रात स्थिति की समीक्षा करेंगे। उसके बाद अगले दिन कर्फ्यू में ढील देने का निर्णय होगा। 28 जनवरी को पुलिस द्वारा अलग-अलग जगहों से करीब 20 लोगों को हिरासत में लेने की बात सामने आई है।

### खास बातें

- सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली पोस्ट पर एक गिरफ्तार
- कर्फ्यू पर ढील को लेकर देर रात होगा फैसला

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF











**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**